हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 बारिश आते ही हाथियों का झुण्ड बस्तियों की ओर करता है रुख, रोकना विभाग के लिए चुनौती



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# मुख्य डाकघर में बुक की गई लोकल डाक अब नहीं जाएगी बिलासपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के किसी भी हिस्से के लिए मुख्य डाकघर से बुक की गई डाक अब बिलासपुर सर्किल नहीं जाएगी लोकल स्तर की डाक को लोकल स्तर में ही बांटने की सुविधा शुरु हो गई है। बालको, रजगामार और मानिकपुर की डाक अब मुख्य डाकघर से ही वितरीत की जाएगी। यह व्यवस्था 30 जून से शुरु की गई है।

डाकघर की व्यवस्था में अब सुधार का कार्य चल रहा है ताकि आम उपभोक्ताओं को देर से डाक मिलने वाली समस्या का सामान न करना पड़े। धीरे धीरे व्यवस्था में बदलाव करते हुए आम उपभोक्ताओं को राहत देने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। पूर्व में मुख्य डाकघर से शहर के किसी भी हिस्से के लिए बुक की गई डाक पूर्व में बिलासपुर सर्किल जाती है और वहां से वापस मुख्य डाकघर आकर वितरीत किए जाने की व्यवस्था लागू थी। इस व्यवस्था के संबंध में पोस्ट मास्टर दर्री विलय दुबे ने बताया कि अब मुख्य डाकघर से शहर के किसी भी हिस्से से बुक की गई डाक अब बिलासपुर नहीं जाएगी उसे स्थानीय स्तर पर ही मुख्य डाकघर से ही छटने कर वितरण व्यवस्था लागू कर दी गई है। इससे अब शहर के किसी भी हिस्से के लिए बुक की गई डाक दूसरे दिन ही मिल जाया करेगी। जबकि इसके लिए पूर्व में समय लगता था। आम उपभोक्ताओं को इससे राहत मिली है विशेषकर शासकीय विभागों के डाक के मामले में, इसके अलावा बालको रजगामार और मानिकपुर पोस्ट ऑफिस के डाक कर्मचारियों को मुख्य डाकघर में मर्ज कर दिया गया है। अब बिलासपुर से आने वाली डाक इन डाकघर में न जाकर मुख्य डाकघर में आएगी और मुख्य डाकघर से तीनों क्षेत्र के डाकिये अपनी डाक लेकर अपने अपने क्षेत्रों में वितरण करेंगे। इस व्यवस्था से भी डाक वितरण में होने वाली देरी से भी लोगों को निजात मिल सकेगी।

## लोकल डाक लोकल स्तर पर ही बांटने की शुरु हुई सुविधा

**खास बात**

- बालको, रजगामार और मानिकपुर की डाक बंटेगी मुख्य डाकघर से




### देर से मिलने की होती थी शिकायत

देर से डाक मिलने की शिकायत स्थानीय निवासियों को रहती है। विशेषकर शिक्षित युवा बेरोजगारों को जिनके परीक्षाओं के एडमिट कार्ड या फिर किसी रोजगार से संबंधित डाक हमेशा देर से मिला करती थी जो मुख्य डाकघर से स्थानीय स्तर के लिए बुक की जाती थी। ऐसी डाक भी आम लोगों को मिलने में काफी समय लिया करती थी। ऐसी शिकायतें भी मुख्य डाकघर में हर माह किसी न किसी क्षेत्र से पहुंचा करती थी।

## खबर संक्षेप

### छग वन कर्मचारी संघ के कमलेश बने अध्यक्ष

**कोरबा।** छग वन कर्मचारी संघ रामपुर के आदेश में जिला शाखा कोरबा के जिला अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रक्रिया 29 जून को आम सभा एवं निर्वाचन का नामांकन तय किया गया था। आम सभा पश्चात दो प्रत्याशी कोरबा जिला से कमलेश कुमार कुम्हार एवं बलवान कुर्रे के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। जिसके निर्वाचन की प्रक्रिया 6 जुलाई को संपन्न हुआ। जिसमें कमलेश कुमा कुम्हार को 133 मत एवं बलवान कुर्रे को 78 मत प्राप्त हुआ जिसमें कमलेश कुमार के द्वारा जीत हासिल कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुने गए। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार कुम्हार ने कहा कि वे कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करेगे और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कमलेश कुमार कुम्हार ने सभी जिला के कर्मचारियों का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि उनकी अपेक्षाओं पर वे पूरी तरह खरा उत्तरेगें। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभाग के कर्मचारियों ने भी कमलेश कुमार कुम्हार को बधाई देते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं की।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा 12 को

**कोरबा।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 7 वीं, 8 वी, 9 वीं एवं 11 वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 7 जुलाई तक आवेदन पत्र मंगाये गये थे। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में होगी। तथा प्रवेश पत्र का वितरण 11 जुलाई को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में की जाएगी। किसी कारणवश प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में परीक्षा तिथि 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र से प्राप्त किया जा सकता है।

### मौसमी बिमारियों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

**कोरबा।** मानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी की मार से राहत तो मिली हैं लेकिन मौसमी बिमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वर्षाकाल में मच्छरों की भरमार होने के साथ ही इनसे जनित बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों से फैलने वाली बिमारियों में मलेरिया, डेंगु,हैजा, टाईफाईड, हेपेटाईटिस ए आदि शामिल हैं। बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं, बारिश का पानी भरे रहने पर उसमें मच्छरों की प्रजनन क्रिया होती है। डेंगू बुखार जानलेवा माना जाता है जो कि एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। हैजा(डायरिया) एक जलजनित संक्रमण है जो शरीर में कालरा फैलाता है इस रोग के होने पर दस्त व निर्जलीकरण की समस्या हो सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किए है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान जल जनित बिमारियों के प्रसार को रोकने के उपाय के संबंध में जनसमुदाय/समाज के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिससे मौसमी बिमारियों से क्षेत्र की जनता को बचाया जा सके।

## जिला मुख्यालय से गई है रेस्क्यू टीम, ग्रामीणों की टीम नहीं कर पाई रेस्क्यू

# सैर सपाटे के लिए देवपहरी गए, नदी का बढ़ा जलस्तर, तीन युवती व दो युवक फंसे बाढ़ में



देवपहरी जलप्रपात जहां लाल घेरे में फंसे हुए युवक युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से बारिश ने जिले में हाहाकार मचा रखा है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इतनी भीषण बारिश के बाद भी लोग नदी नालों और पहाड़ों में सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं शहर के तीन युवती, दो युवक देवपहरी चोरनई नदी को पार कर टापू में जा पहुंचे। फिर क्या था कुछ देर बाद नदी का पानी तेज हो गया और पानी की तेज लहरों के बीच पिछले 5 घंटे से युवक युवती फंसे हुए हैं। जब पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी मिली तो कोरबा से रेस्क्यू टीम को तलब किया गया है जहां रेस्क्यू टीम पहुंचने के बाद देर रात को अभियान शुरू किया जाएगा।

पिछले 4 दिनों से जिले में झमाझम बारिश हो रही है। हर तरफ पानी ही पानी है और जनजीवन अस्त व्यस्त है लेकिन इस बारिश के बीच लोग वहां रील बनाने के लिए और फेसबुक व सोशल मीडिया में फोटो अपलोड करने के लिए लगातार जंगल व नदी नालों के बीच जाकर रील्स बना रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोकटपारा में निवास करने वाले तीन युवक व दो युवक भी सोमवार की दोपहर बाइक में सवार होकर लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत देवपहरी पर्यटन केंद्र के चोरनई नदी जा पहुंचे। उस दौरान पानी की रफ्तार कम थी और तीनों युवती युवक चोरवाई नदी को पार कर कर टापू में जा पहुंचे इस बीच कुछ देर वहां रुके थे कि देखते ही देखते सोनी नदी का पानी की रफ्तार तेज हो गई और लगातार पानी की रफ्तार बढ़ता ही चला गया इस बीच युवती युवक मौके पर फंसे रहे। जब स्थानीय लोगों ने युवक युवती को फंसे देखा तो इसकी सूचना लेमरु पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को बचाने की कवायद शुरू की गई लेकिन स्थानीय लोगों ने उन लोगों को पानी के रफ्तार के चलते बाहर नहीं निकाला जा सका। इसके बाद इसकी खबर जिला मुख्यालय व नगर सेना के रेस्क्यू टीम को दी गई फिर रात लगभग 8 बजे रेस्क्यू टीम कोरबा से लेमरु के लिए रवाना हो गई है। जिसके उपरांत चोरनई नदी के टापू में फंसे युवक युवती को बचाने की कवायद शुरू की जाएगी।

### कुछ वर्षों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है

लगभग 2 साल पूर्व लेमरु थाना क्षेत्र के चोरनई गोविंद झुंज में बारिश के दौरान ही शहर के कुछ युवक युवती व स्थानीय लोग मौज मस्ती के लिए गए हुए थे जहां शाम होते ही चोरनई नदी की रफ्तार तेज हो गई थी और लोग फंस गए थे। उसके बाद स्थानीय पुलिस व गोताखोरों की टीम ने घंटे मशक्कत के बाद किसी तरह उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला था। लगातार प्रशासन और पुलिस ऐसे स्थान में न जाने की अपील लोगों से कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बात नहीं आते हैं और अपनी जान की बाजी लगाकर वहां जाकर वीडियो बनाने के लिए ऐसे खतरनाक स्थलों में पहुंच जाते हैं और अपनी जान की बाजी लगा देते हैं।

# बाढ़ में फंसे 17 ग्रामीण, 10 घंटे चले रेस्क्यू के बाद सकुशल वापस लौटे



रेस्क्यू कर निकाले गए बाढ़ पीड़ित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेती किसानी करने गए पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा एवं पोंडी के लब्दापारा के 17 ग्रामीण रविवार की शाम को हुई भारी बारिश से आयी बाढ़ में फंस गए। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश में राजस्व विभाग पाली, थाना पाली जिला आपदा प्रबंधन नगर सेना कोरबा एवं राज्य आपदा टीम बिलासपुर की टीम ने रविवार शाम से संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर सोमवार की तड़के 3 बजे सभी 17 जिंदगी को महफूज कर लिया है। भयावह बाढ़ में मौत का 10 घण्टे तक सामना कर देवदूत बनी संयुक्त टीम की पहल से सुरक्षित लौटने वाले बच्चों से लेकर बड़ों के चेहरे पर जिंदगी के क्या मायने हैं साफ झलक रहे थे। सभी ने शासन की संयुक्त टीम का आभार जताया।

कोरबा सहित आसपास के जिलों में लगातार हो रही बारिश से कोरबा जिले की नदियां और नाले भी उफान पर हैं। बारिश के कारण जल भराव के हालातों से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पाली ब्लॉक के ग्राम ढुकुपथरा एवं पोंडी के लब्दापारा के 17 ग्रामीण रविवार को शाम को हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में फंस गए। जिसमें मासूम से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी शामिल थे। ये सभी खेती के कार्य से गए थे। नदी में बाढ़ के हालात निर्मित होने पर वापस नहीं आ सके। ग्रामीणों के बाढ़ में फंसे होने की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। जिला प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में पाली तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर के नेतृत्व में राजस्व, राजस्व विभाग पाली, पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, जिला आपदा प्रबंधन नगर सेना कोरबा एवं राज्य आपदा टीम बिलासपुर की टीम ने रविवार शाम को ही संयुक्त रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। सोमवार की तड़के सुबह 3 बजे सभी 17 जिंदगी को महफूज कर लिया है। भयावह बाढ़ में मौत का 10 घण्टे तक सामना कर सुरक्षित वापस लौटे ग्रामीणों के चेहरे पर खुशियाँ एवं सुकून देखी जा सकती थी। सभी ने देवदूत बने संयुक्त टीम का आभार

**खास बातें**

- बारिश में खेती करने गए थे, इसी दौरान तेज बारिश से आई बाढ़ में फंस गया परिवार
- एसडीआरएफ व प्रशासन की संयुक्त टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

### चेतावनी को नजर-अंदाज करना पड़ा भारी

इस पूरे प्रकरण में भारी बारिश एवं बाढ़ की चेतावनी की अनदेखी भारी पड़ी है। जिला प्रशासन ने मीडिया, मुनादी समेत अन्य माध्यमों से पूर्व दिवस ही अलर्ट जारी कर नदी, नालों से लगे तटीय इलाकों को रहवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। प्रशासन की चेतावनी को नजरअंदाज कर भारी बारिश के बीच खेती किसानी के कार्य को जीवन से भी बढ़कर सर्वोच्च प्राथमिकता देने का ही यह परिणाम था।घटना का सुखद पहलू यह था कि सभी 17 जिंदगी को महफूज कर लिया था अन्यथा यह जिले की एक भयावह हादसे में परिवर्तित हो सकता था। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ग्रामीणों को भी जागरूकता का परिचय देना होगा। अभी पूरे 2 माह तक बारिश होंगे। बाढ़ के भी हालात निर्मित हो सकते हैं। जहां सावधानी, समझदारी दिखानी होगी।

# लीलागर नदी उफान पर, पुल से 3 फीट ऊपर बह रहे पानी में बहा वृद्ध, तलाश जारी



घटनास्थल जहां बह गया वृद्ध।



बाढ़ में फंसे बाइक को निकालते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार से नेवसा उतरदा होते हुए बिलासपुर तक जाने वाला मुख्य मार्ग लीलागर नदी को पार करता है। इस मार्ग पर बना पुराना पुल बारिश के दिनों में खतरनाक साबित हो रहा है। खेत से लौटते समय एक वृद्ध पुल को पार कर रहा था और वह नदी में बह गया। 24 घंटे बाद भी नदी में बहे वृद्ध का कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं दूसरी ओर तेज बहाव को पार करते समय एक बाइक सवार युवक फंस गया जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने युवक की जान तो बचा ली पर बाइक नदी में बह गया। नदी में बाढ़ आने की वजह से इस मार्ग में आवागमन बाधित हो गया है।

बीते दो दिनों की लगातार बारिश से नदी में तेज बहाव आ गया, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया था। हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम रेंकी निवासी सुकालूराम पटेल उम्र 57 वर्ष रविवार शाम को खेत देखने गया था। वहां से वापस आते समय लीलागर नदी उफान पर आ गया था। सुकालू पटेल का घर नदी के ऊपर में हैं जो कि खेत का मेड़ फोड़ने के लिए निकला था और पानी के अधिक बहाव में नदी पार करते समय नदी में बह गया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी सुकालू पटेल का पता नहीं चल पाया है। आखिर कार सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे रेस्क्यू टीम पहुंचा। रेस्क्यू टीम द्वारा खोज बीन का प्रयास किया गया है पर अभी सफलता नहीं मिली है। घर वाले काफी परेशान और चिंतित हैं। परिवार के लोगों ने जिला प्रशासन से मदद कर जल्दी खोज करने की मांग कर रहे हैं। वहीं ग्राम चोढ़ा के आश्रित गांव भेलवाडोंगरी निवासी शंकर सिंह गोंड उम्र 20 वर्ष, पिता जोहन सिंह किसी कार्यवश हरदीबाजार आया था और वापस लौटते समय नेवसा गांव के पास लीलागर नदी के पुराने पुल को पार कर रहा था। इस दौरान पुल के ऊपर से लगभग 3 फीट पानी बह रहा था। युवक ने अपनी हीरो मोटरसाइकिल के साथ पुल पार करने की कोशिश की लेकिन बीच में ही फंस गया। वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया परंतु उसकी बाइक तेज बहाव में बह गई। यह मार्ग बिलासपुर और सीपत को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। इसके अलावा आसपास के गांवों के स्कूली बच्चे भी इसी पुल से होकर स्कूल और कॉलेज जाते हैं। बारिश के मौसम में पुल पर तेज बहाव और फिसलन की वजह से यहां रोजाना हादसे की आशंका बनी रहती है। लोग जान जोखिम में डालकर एक-दूसरे का सहारा लेकर पुल पार करने को मजबूर हैं।

**खास बात**

- पुल पार करते समय फंसा बाइक सवार युवक, बाल बाल बच गया, बाइक नदी में डूबी

### पौने 2 करोड़ से बन रहा नया पुल

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लीलागर नदी पर 60 मीटर लंबा नया पुल बनाने के लिए 1 करोड़ 75 हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह पुल अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की अनदेखी के कारण निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी हो रही है। हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि पुल के बीचों-बीच फंसे एक बड़े पेड़ को जेसीबी मशीन की मदद से तब हटाया गया जब पानी का बहाव कुछ कम हुआ ताकि रास्ता आंशिक रूप से साफ हो सके।

### आयुक्त ने दर्री जोन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** आयुक्त श्री पाण्डेय ने अचानक निगम के दर्री जोन कार्यालय में दस्तक देते हुए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, उन्होने जोन कार्यालय के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर वहाँ की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संधारित पंजियों, दस्तावेजों व जनसमस्याओं से जुडे. प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की बिन्दुवार जानकारी ली एवं लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर जोन के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जोन कार्यालय की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखें, जोन कार्यालय में अपने कार्य के संबंध में पहुंचने वाले आमनागरिकों से सौम्यपूर्ण व सम्मानजनक व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने एवं निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी व सुशील सोनी, उप जोन प्रभारी महेश्वर सिंह, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, रामाधार सागर, तीजराम, डी.एन.पैकरा, ढेलुराम देवांगन आदि के साथ जोन के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पुल टूटने से कई गांवों का टूटा संपर्क



ढेलावडीह में मूसलाधार बारिश बारिश के कारण पुल टूटने से कई गांव का संपर्क टूटा गया है। ग्राम देवरी, कोराई के बीच में नदी का पुल टूट जाने से दीपका से बांकीमोंगरा का संपर्क पूरी तरह से टूट चुका है। जिससे आसपास के ग्रामीण और बांकीमोंगरा से देवरी होते हुए दीपका जाने वाले लोगों को कई किमी घूमकर जाना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


पुराने बस स्टैंड की सड़क पर लोगों का चलना हुआ मुहाल।


तोरवा मुख्य मार्ग स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर का स्वीच बोर्ड पानी में डूबा।


पिछले कई दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण अरपा लबालब, बह रहे पेड़ और लकड़ियां।

**जिले में अलर्ट जारी : रह रह कर हो रही बारिश से आम लोग त्रस्त**

# भारी बारिश, फिर शहर की सड़कों पर भरा पानी, बिजली ने भी सताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार की दोपहर तीन बजे के बाद शहरी इलाके में हुई भारी बारिश से पूरा शहर सराबोर हो गया। शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे सड़कों पर आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तालापारा सहित कुछ मोहल्लों में लोगों के घरों के अंदर भी पानी भर गया। इधर शहरी क्षेत्र में बिजली भी रह रहकर बंद होती रही, रात तक कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा।

दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय होने के कारण पिछले 6 दिनों से बारिश जारी है, इसका प्रभाव यह है कि नमी बनी हुई है, रूक रूक कर हो रही मध्यम से तेज बारिश ने नदी नालों में ऊफान ला दिया है। जिले में 11 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। सोमवार की सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच कुछ देर के लिए आसमान पर सूरज दिखाई दिया, जिससे तापमान में 2 डिग्री की बढ़त रही, और उमस बरकरार रही। बारिश की वहज से शहरीय क्षेत्र में लोग त्रस्त हो रहे।

मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है, यह चक्रवाती हवाएं झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ के बना हुआ है। वहीं द्रोणिका का प्रभाव श्रीगंगानगर, सिरसा, मेरठ, वाराणसी, डाल्टनगंज और पश्चिम बंगाल तक फैला चुका है। निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण प्रदेश में कई जगहों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच पिछले 6 दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर की सड़कों का हाल बेहाल है, जहां एक ओर पानी की निकासी की समस्या से लोगों का सामना हो रहा है, वहीं सड़कें भी उखड़ चुकी है। जूना बिलासपुर, शिव टाकिज चौक, करबला रोड, दयालबंद, तोरवा, चांटीडीह जैसे जगहों पर सड़कें उखड़ चुकी है, इन सड़कों पर चलना भी दूभर हो चुका है।




**ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर गिरा पानी**

| | |
|---|---|
| बेलगहना | 16 सेमी |
| मस्तूरी | 14 सेमी |
| बिल्हा | 13 सेमी |
| रतनपुर | 10 सेमी |
| तखतपुर | 7 सेमी |
| पेंड्रा | 6 सेमी |

शिव टाकीज से टिकरापारा जाने वाली सड़क पर पानी भरने से लोग हो रहे परेशान। इनसेट में तालापारा में घर के अंदर घुसा पानी।

## नालियों में सफाई नहीं

नालियों की सफाई नहीं होने और संकीर्ण नालियों के चलते जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। शहर के मोहल्लों में 20 साल पुरानी नालियां है, कुछ नालियां पूरी तरह से टूट चुकी है, ऐसे में बारिश का पानी सीधे सड़कों पर आ रहा है। मसानगंज, सरजू बगीचा का हाल यही है, एयरटेल आफिस के पास बारिश होते ही 2 फीट पानी भर रहा है, वहीं अष्टमुखी मंदिर की मुख्य मसानगंज सड़क पर लाखों रूपए से बनाई गई नालियां किसी काम की नहीं आ रही है, अभी भी पानी सड़कों से होकर गुजर रहा है। इसी प्रकार भारतीय नगर में बनाए गए क्लवर्ट को डायवर्ट कर दिया गया है, तालापारा में जोड़ दिया गया है, जिससे कारण तालापारा के घरों में पानी भर रहा है।

## लबालब हो गई सड़कें

दोपहर को हुई तेज बारिश के बाद शहर की ज्यादातर सड़कें लबालब हो गई। इस दौरान टिकरापारा से शिवटाकिज चौक, पुराना बसस्टैंड, तोरवा, गणेश नगर, सरजू बगीचा, चांटीडीह, ओमनगर, तालापारा जैसे क्षेत्रों में पानी भर गया। इस दौरान तालापारा के कई घरों में पानी भरने के कारण सामान तैरने लगे।

## बारिश की वजह से सुधार में देरी, उपभोक्ता परेशान

बारिश के कारण बिजली सुधार में विलंब हो रहा है, इस दौरान फाल्ट खोजने और लाइनों में बदलाव करने दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, ऐसे में विभाग ने कर्मचारियों को सावधनी से काम करने की नसीहत दी है। इस दौरान शहर के कई इलाकों में सुधार कार्य प्रभावित रहे। बताया जा रहा है कि नेहरु नगर डिवीजन के स्मार्ट रोड, कलेक्टर कार्यालय, सिविल लाइन , से लेकर अग्रसेन चौक क्षेत्र में बिजली बंद हुई थी। महामाया विहार में रविवार की रात 11 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान उपभोक्ताओं ने नेहरू नगर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया और महामाया विहार के एल 3 से आर 4 तक मकान में बिजली बंद रही। रात 7 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। इसी प्रकार सिविल लाइन क्षेत्र में रात से बिजली की लुकाछिपी जारी रही, इस दौरान ब्रेकडाउन होने के कारण घंटो बिजली बंद रही। बारिश के कारण दोनों ही जगहों पर बिजली सुधार में विलंब हुआ। बिजली विभाग सुधार के लिए दिए गए समय पर भी सुधार कार्य नहीं होने से उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूटने लगा और अधिकारियों से शिकायत की गई तब जाकर विद्युत सप्लाई नार्मल हो सकी।

## केबल जलने व डियो गिरने की शिकायत

स्मार्ट रोड केबल जल गया था जिसके कारण वन विभाग सहित अन्य जगह पर बिजली बंद रही, वहीं दयालबंद, मधुबन में भी सुबह 7 से 10 बजे के आसपास बिजली बंद रही। चिंगराजपारा, हेमुनगर, सिलपहरी और तिफरा में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। बताया जा रहा है कि इंश्युलेटर जलने, केबल खराबी और डियो गिरने जैसी समस्या के कारण बिजली बंद हो रही है।

# लगातार बारिश से स्कूलों में पानी भरा कमरों में कीचड़, छुट्टी करनी पड़ी

**मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो पहुंचे उन्हें मध्यान्ह भोजन नहीं मिला**

दो दिन से सुबह और शाम हो रही बारिश के कारण सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चे हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ही 10 से अधिक स्कूलों में पानी भर गया और एक तरह से बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिला। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी ब्लाकों के बीईओ ने अपने क्षेत्र के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान नगोई प्राथमिक और मिडिल के साथ बेलसरी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में पानी भरा मिला। इन स्कूलों में कीचड़ और पानी के बीच बच्चों की क्लास लगी।

लगातर हुई बारिश से शहर के साथ-साथ सिरगिट्टी इलाके के पूर्व माध्यमिक स्कूल सिरगिट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में पानी भर गया। साथ ही दो निजी स्कूलों में पानी भरने से कम बच्चे पहुंचे। इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। यहां के निवासियों के मुताबिक इस तरह की समस्या कई सालों से है। एक दो दिन बारिश होती है और हफ्तों तक पानी इसी तरह स्कूलों में भरा रहता है। स्थानीय पार्षदों के मुताबिक पिछले साल इलाके के पानी निकासी के लिए बड़ा नाला बनाने की अधिकारियों से मांग की थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। तखतपुर ब्लाक के बीईओ रामेश्वर बैरागी ने बताया कि स्कूलों का दौरा कर व्यवस्था की जा रही है।


स्कूल परिसर में पानी खेलते बच्चे।

## यह है स्कूलों की हालत

- शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह मैं पानी भरने के चलते चारों तरफ कीचड़ रहा जिससे आसपास गंदगी फैली रही। बच्चों ने बताया कि बारिश में यहां हर साल परेशानियों का समाना करना पड़ता है।
- बारिश से तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। स्कूल का छत जर्जर होने के कारण बारिश का पानी क्लास में रूम में टपकने लगा। इससे पूरे क्लास में पानी भर गया। बच्चे अपना बैग उठाकर पानी से बचने का प्रयास करते रहे। सभी बच्चों को समय से पहले ही छुट्टी दे दी। बच्चे भीगते बारिश में अपने घर पहुंचे।
- सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। बारिश के कारण 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ गई। यहां दो पाली में कक्षाएं लगती हैं। सुबह की पाली में नौवीं कक्षा सुबह से दोपहर तक चलती है। दसवीं से 12वीं तक की कक्षा दोपहर से लगती है।

## योजना बनाई जाएगी

स्कूलों की मरम्मत और दूसरी व्यवस्थाओं के लिए राज्य शासन द्वारा राशि जारी की गई है। इसके साथ ही जिला खनिज न्यास से भी बजट मिला है। इससे स्कूलों में ड्रेनेज की समस्या दूर करने पर ध्यान दिया जाएगा। जलभराव जहां हो रहा होगा उससे भी निपटने की योजना बनाई जाएगी।

- अनिल तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी

**खबर संक्षेप**

### गांव जा रहे युवक की रास्ते में मिली लाश

**बिलासपुर।** गांव जा रहे युवक की रास्ते में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सिर में गंभीर चोट होने से हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, छतौना निवासी सुरेन्द्र कैवर्त पिता रामकुमार कैवर्त परिवार के साथ कोनी आवास में रहता था और रोजी मजदूरी करता था। रविवार की रात 10 बजे वह घर में दूसरे गांव जाने की बात कहकर निकला था। सोमवार की सुबह छतौना के लोगों ने गांव के मोड़ पर उसकी लाश देखी। उसके सिर में गंभीर व हाथ में चोट के निशान थे, जिससे हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर चकरभाठा पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस प्रथम दृष्टिया हत्या मानकर जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लग गई है। बहरहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### विधानसभा सत्र के मद्देनजर अवकाश पर प्रतिबंध

**सक्ती।** विधानसभा सत्र को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होगी। इसे देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है।

# ट्रेन में चना बेचने वाला अवैध वेंडर निकला बाइक चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- किन्नर के साथ करता था स्टेशन एरिया में चोरी
- जब्त की गई आठ लाख की बाइक

चलती ट्रेन में चना बेचने की आड़ में मौका पाकर स्टेशन से बाहर निकलने के बाद अवैध वेंडर यात्रियों की बाइक पार कर देता था, जिसमें उसने अपने साथ किन्नर भी रखा था। आरपीएफ ने अवैध वेंडर के खिलाफ रेलवे एक्ट का मामला दर्ज किया, जिसे पोस्ट लाने के बाद बाइक की चोरी का खुलासा आरोपी ने कर दिया। आरपीएफ ने बाइक चोर चना बेचने वाले अवैध वेंडर और किन्नर सहित 8 लाख की बाइक पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

ट्रेनों और स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों को खान-पान का सामान बेचने वाले स्टॉल और फूड संचालकों के यहां कार्यरत कर्मचारियों के पहचान पत्र, मेडिकल और अन्य दस्तावेज को रेलवे लेती है, ताकि किसी तरह की कोई भी घटना होने पर उन्हें पकड़ा जा सके। पेंट्रीकार के भी कर्मचारी सभी कोच में सामान की बिक्री करने के दौरान आईकार्ड पहनते हैं। वहीं लंबी दूरी और आसपास के छोटे स्टेशनों के बीच में चलने वाली ट्रेनों में अवैध रूप से सामानों की बिक्री करने वालों की संख्या भी बहुत हैं। इसमें कई वेंडर सामान बेचने की आड़ में यात्रियों का सामान पार कर देते हैं। इसी तरह की घटना बिलासपुर डिवीजन में भी हुई। आरपीएफ के प्रभारी पी तिवारी ने बताया कि जैजैपुर सक्ती निवासी राधेश्याम धीरहे पिता चंडी प्रसाद धीरहे 55 साल ने शिकायत की थी कि उसकी बाइक सीजी 11 एटी 3479 को किसी ने पार कर दिया है। शिकायत पर सीसी टीवी फुटेज को चेक किया गया, जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्ति गाड़ी की चोरी करते हुए दिखाई दिए। इसके उपरांत दोनों को रेलवे परिक्षेत्र से पकड़ा गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम रायगढ़ पूंजीपथरा निवासी रिया भट्ट किन्नर 28 साल और दूसरे कोरबा निवासी प्रमोद चौहान पिता हरिराम चौहान 19 साल बताया।

कड़ाई से पूछताछ करने के बाद दोनों ने रेलवे स्टेशन एरिया से दो पहिया वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। आरपीएफ ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पोस्ट पहुंचने के बाद आरपीएफ की टीम ने चांपा, कोरबा, सक्ती से 8 लाख रुपए की 10 बाइक को जब्त किया है।


चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार आरोपी।

### मास्टर चॉबी का उपयोग

आरपीएफ प्रभारी पी तिवारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में जानकारी मिली कि उसके पास एक मास्टर चॉबी थी, जिसका उपयोग वह बाइक चोरी के लिए करता था। ट्रेन में चना बेचने के बाद वह स्टेशन से बाहर निकलता और मौका पाकर बाइक को पार कर देता था। बाइक को उसने सक्ती, खरिसया, चांपा, कोरबा में 5 से 6 हजार रुपए में गिरवी रखता था। उसके पास से वर्तमान में 10 बाइक जब्त की गई है। वहीं 10 से अधिक बाइक उसने रायपुर में भी रखा है। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई अब पुलिस कर रही है।

# सवारी में बाधा डालने वाले 3 युवक गिरफ्तार

- आरोपियों का बारिश में खपरगंज से पैदल कान पकड़कर निकाला गया जुलूस


मोहर्रम की सवारी में बाधा डालने वाले आरोपियों को ले जाती पुलिस।

**बिलासपुर।** मोहर्रम की सवारी में बाधा डालने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवकों का शहर में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया गया।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 7 जुलाई को भारतीयनगर निवासी मोहम्मद मुस्तकीम पिता मोहम्मद मुख्तार 29 साल ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार उनके भाई हफीज अली ने तैबा चौक तालापारा से खपरगंज के लिए निकाली। सुबह 4 बजे खपरगंज ईमाम बाडा के पास सवारी के पीछे समाज के राजा अली, शरफराज, गिरीराज गोस्वामी, रिंटू उपस्थित थे। इसी समय खपरगंज का रहने वाला सुहैल खान, अपने साथी समीर खान, जुनैद खान, जुबेछ खान मिलकर खपरगंज चौक के पास सवारी को रोककर गाली गलौज करने लगे, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे मना करने पर जान से मारने की धमकी भी देने लगे। मो. मुस्तकीम की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 350 / 25 बीएनएस की धारा 353 ग, 296, 351, 2, 3, 5के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सुहैल उर्फ सोहेल खान उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम, मो. समीर रजा, जुनैद रजा को गिरफ्तार लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद बारिश में पैदल खपरगंज में कान पकड़कर जुलूस निकाला गया। उसके बाद मुख्यमार्ग से पैदल चलाते हुए कोर्ट में पेश किया गया है।

# दिन दहाड़े जोनल रेलवे स्टेशन में युवती ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में दिन दहाड़े एक युवती ने खुदकुशी कर ली। दोपहर 12.30 बजे प्लेटफार्म नम्बर तीन की रेल लाइन पर युवती जाकर सो गई, जिसके ऊपर मालगाड़ी चढ़ने के कारण सिर धड़ से अलग हो गया। जीआरपी ने मर्ग कायम करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर यात्रियों के साथ स्टॉल के संचालक ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। दोपहर 12.30 बजे इसी लाइन पर एक मालगाड़ी यार्ड से एंट्री कर रही थी। हावड़ा की ओर बने सीढ़ी के पास अचानक मालगाड़ी रूक गई। चालक और परिचालक ने ट्रेन से उतरकर देखा तो एक युवती मालगाड़ी के सामने थी, जिसका सिर और धड़ मालगाड़ी की टक्कर से अलग हो गया था। आरपीएफ स्टाफ ने सूचना सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल को दी। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर सहित आरपीएफ और जीआरपी के स्टाफ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मालगाड़ी प्लेटफार्म नम्बर तीन के लाइन नम्बर चार पर खड़ी हुई थी। मृतका का सिर और धड़ रेल लाइन के अगल-बगल क्षतविक्षप्त हालत में पड़ा हुआ था। जीआरपी ने स्टेशन के कर्मचारियों के सहयोग से मृतका का शव रेल लाइन से उठाकर प्लेटफार्म में रखा, जिसके बाद मालगाड़ी आगे रवाना किया गया। आरपीएफ ने सीसी टीवी फुटेज चेक किया, जिसमें युवक स्टेशन प्लेटफार्म पर घूमते फिरते हुए दिख रही थी। इसके बाद जिस स्थान पर युवती ने खुदकुशी की, वहां तक सीसी टीवी का कैमरा पहुंच नहीं सका। जीआरपी के अनुसार युवती की उम्र 25 साल है और वह दुबली पतली, व सलवार कुर्ती पहनी है। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। फिलहाल मर्ग कायम करने के बाद परिजन की खोजबीन की जा रही है। जोनल रेलवे स्टेशन के बाद एक घटना चकरभाठा स्टेशन में हुई, जहां ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल है, जिसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।


मृतक।

# सेवा सहकारी समिति परिसर कोसला में लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसला-पामगढ़

पर्यावरण को स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शनिवार को सेवा सहकारी समिति कोसला द्वारा सोसायटी भवन परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए परिसर को चारों ओर से जालीदार तार से घेरा भी किया गया है,परिसर में फलदार वृक्ष जैसे आम, अमरूद व क़दम, अशोक वृक्ष जैसे छाया दार पौधे लगाए गए। समिति प्रबंधक रितेश तिवारी ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत आज सोसायटी परिसर में कई तरह के वृक्ष लगाए गए हैं, इससे विभिन्न किसान जो सोसायटी में खाद, बीज, केसीसी आदि कामों के लिए आते हैं इन वृक्षों को लगाने से उन किसानों को गर्मी के दिनों पेड़ों के नीचे बैठने से बड़ी राहत मिलेगी, और इससे परिसर में स्वच्छता और सुंदरता का वातावरण भी बना रहेगा। इस मौके पर सुधीर तिवारी, रूपचंद साहू, सरपंच राजकुमार नारंगे,योगेश कुमार साहू, सेवा सहकारी समिति कोसला प्रबंधक रितेश तिवारी, सेल्समैन सुखदेव पटेल, नीमा संतोष तिवारी, पंच फिरत राम कुर्मी, नोखराम वर्मा, सरजू कश्यप, प्यारे लाल साहू , तिजाऊ कश्यप, भगवती साहू सहित ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## ख़बर संक्षेप



### गैस सिलेंडर के पास छिपा था कोबरा, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** पोड़ीबाहर निवासी हेमंत साहू के घर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब रसोईघर में गैस सिलेंडर के पास एक विषैला कोबरा सांप बैठा हुआ पाया गया। घर में काम कर रहे लोगों ने अचानक सरसराहट की आवाज़ सुनी और घबराकर बाहर भागे। परिवार ने आरसीआरएस टीम के अध्यक्ष अविनाश यादव को सूचना दी। सूचना मिलते ही अविनाश यादव और उनकी टीम के सदस्य उमेश मौके पर पहुंचे और कोबरा का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### बारिश से जलमग्न फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई हुई बहाल

**बिश्रामपुर।** शनिवार शाम से लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से रेड़ व घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई । रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊँचे लेवल में रखा गया था,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब 2200 से अधिक कम्पनी आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई।फिल्टर प्लांट प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व के स्थान रखने के बाद सोमवार से पुनः कालोनियों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बताया गया कि सोमवार को बारिश थमने के बाद जब रेड़ नदी के पानी का जल स्तर फिल्टर प्लांट के खतरे के निशान से नीचे पहुंचा, इसके बाद सुबह 9 बजे से पानी सप्लाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### घुनघुट्टा डैम का गेट खोलते ही अमेरा खदान के फेस में घुसा पानी

**बिश्रामपुर।** शनिवार को पूरे दिन के बाद पूरी रात हुई बारिश और फिर रविवार को हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के नदी नाले उफान पर हैं।अंबिकापुर जिला प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए घुनघुट्टा बांध के पांच गेट को खोल दिया है जिसके बाद रेड़ और घुनघुट्टा में बाढ़ सदृशय स्थिति निर्मित हो गई।डैम का पानी खुलते ही अमेरा खदान में जल प्रलय की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते अमेरा खदान पूरी तरह पानी में डूब गया।घटना की जानकारी जैसे ही एसईसीएल प्रबंधन को मिली जिसके बाद सरगुजा जिला प्रशासन से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया और बांध के शेष गेट को नहीं खोलने का निवेदन किया गया।बताया गया कि जैसे ही बांध का गेट खोला गया इसका सीधा असर खदान में देखने को मिला और बांध का पानी देखते ही देखते खदान में घुसने लगा।खदान में रात्रि पाली में काम करने वाले खदान में एकाएक घुस रहे तेज बहाव पानी को देख अचानक कुछ समझ नहीं पाए बाद में मामले की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को दी गई।क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों ने खदान का जायजा लिया है,खबर है कि अभी जून माह में खदान में मानसून प्रिपरेशन का कार्य प्रबंधन ने कराया था सो पूरी तरह से सबकुछ बर्बाद जैसी हालत निर्मित हो गई है।खदान के फेस में बड़ी मात्रा में जलभराव ने प्रबंधन के समक्ष नई चुनौती खड़ी कर दी है, बिश्रामपुर क्षेत्र की हालत दिनो दिन पुनः बिगड़ती जा रही है,आमगांव ,अमेरा खुली खदान में अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य मिलने में आ रही अड़चनों का निपटारा अगर समय रहते प्रबंधन ने नहीं किया तो फिर क्षेत्र में कोल उत्पादन के संकट की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

### बारिश के बीच देर रात कोयलांचल में निकाला गया मोहर्रम का मातमी जुलूस

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में मुस्लिम समाज द्वारा रविवार को मोहर्रम का मातमी पर्व सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। यहां पर ताजिए व अलमदार द्वारा अपने अपने चौक पर मोहर्रम के दिन फातेहा खानी व लंगरखानी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके दसवीं मोहर्रम का मातमी जुलूस भारी बारिश के बीच देर रात निकाला गया। इसके बाद जुलूस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मुख्य मार्केट में घुमाकर वापस अपने -अपने करबला में पहुंचे और देर रात विधिवत समापन किया गया।ज्ञात हो कि मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था।मोहर्रम को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, जलालुद्दीन, उस्मानिया नौजवान कमेटी से जुल्फी आदि शामिल थे।

## निधन

### रामहरे जायसवाल



**पाली।** मादन चौक निवासी व सेवानिवृत्त शिक्षक रामहरे जायसवाल (85 वर्ष) रविवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार पाली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

### जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड बालको पहुंचे आयुक्त

# जलभराव क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान हेतु तैयार कराएं आवश्यक प्रस्ताव : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सोमवार की सुबह जलभराव क्षेत्र शांतिनगर रिंग रोड ढेगुरनाला बालको पहुंचे, उन्होने अधिक वर्षा के दौरान बस्ती में होने वाले जलभराव की समस्या से वहॉं के रहवासियों को निजात दिलाने एवं समस्या के स्थाई समाधान के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, रिंग रोड में नए नाले के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बारिश के दौरान जहां-जहां पर जलभराव की समस्या पैदा होती है या अतिवर्षा के दौरान जलभराव की संभावना दिख रही है, उन सभी क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही करें ताकि आगामी समय में जलभराव की स्थितियों का सामना आमनागरिकों को न करना पडे। उन्होने जलभराव से प्रभावित बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात भी की।

उल्लेखनीय है कि विगत दिन अधिक वर्षा के दौरान बालको क्षेत्र के शांतिनगर बस्ती में जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी, जिसके कारण वहॉं के रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, शांतिनगर बस्ती व रिंग रोड के समीप होने वाले जलभराव की समस्या से स्थाई निजात वहां के निवासियों को मिले, इसके मद्देनजर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर उक्त सम्पूर्ण बस्ती व जलभराव होने वाले क्षेत्र का सघन रूप से जायजा लिया, स्कूटी पर सवार होकर उक्त सम्पूर्ण क्षेत्र का भ्रमण किया एवं समस्या के स्थाई समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने व रिंग रोड में नया नाला निर्माण का प्रस्ताव त्वरित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहां पर स्थित पुराने नाले की सम्पूर्ण सफाई कराने एवं नाले के जलप्रवाह पर सतत नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा के दौरान नाले में कहीं भी जल का प्रवाह बाधित न हों, इस पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉं कहीं भी अवरोध होने, जल प्रवाह धीमा होने की स्थिति दिखें तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराएं ताकि जल की निकासी सुगम रूप से होती रहे।



जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

#### जलभराव प्रभावितों से की भेंट

आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती भ्रमण कर विगत दिन हुए जलभराव की समस्या का सामना करने वाले बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि निगम इस समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम उठाएगा तथा यह पूरा प्रयास किया जाएगा कि आगामी समय में आप लोगों को समस्या का सामना न करना पडे। उन्होने बस्तीवासियों को बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु नए नाले के निर्माण व अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा चुके हैं तथा इस पर ठोस कार्यवाही हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

#### सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस दौरान बालको जोन के अंतर्गत आने वाले हाउसिंग बोर्ड कालोनी, परसाभांठा, बस स्टैण्ड क्षेत्र, चेकपोस्ट सहित अन्य बस्तियों में साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित अन्य बस्तियों की नालियों की नियमित सफाई करने, उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कार्य में लगे सफाई कामगारों से चर्चा की, उनके कार्यक्षेत्र व किए जाने वाले सफाई कार्यो की विस्तार से जानकारी ली, सफाई कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की एवं समस्याओं के समाधान हेतु सतत कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

---

# निरंतर सहयोग प्रदान करने वाले सेवाभावी लोगों का सम्मान



सहयोग सदस्यों को सम्मानित करती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- संचालन के 20 साल पूर्ण होने पर नवदृष्टि समाज सेवी संस्था ने आयोजित किया कार्यक्रम

मुख्य अतिथि महापौर ने कहा कि दो दशकों में नवदृष्टि समाजसेवी संस्था ने न केवल बुजुर्गों को आश्रय दिया, बल्कि उन्हें सम्मान, अपनापन और संबल भी प्रदान किया।

महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि प्रशांति वृद्धाश्रम के सेवा कार्यों को 20 वर्ष पूर्ण होते देख मन अत्यंत भावुक और श्रद्धा से भर गया। यह केवल सेवा नहीं, एक संवेदना का यज्ञ है जिसमें हर सदस्य ने श्रद्धा, समर्पण और करुणा की आहुति दी है। प्रशांति वृद्धाश्रम उन मूल्यों का प्रतीक है, जो हमें हमारी सभ्यता और संस्कृति से जोड़ते हैं जहां बुजुर्गों को बोझ नहीं, आशीर्वाद माना जाता है। महापौर संजू देवी राजपूत ने वृद्धाश्रम के संचालन में यथासंभव सहयोग देते हुए भवन के मरम्मत इत्यादि कार्य को पूरा करने आश्वस्त किया। मेयर ने नगर पालिक निगम से प्रशांति वृद्धाश्रम को सालाना 51 हजार रुपए के आर्थिक सहयोग की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था का सेवा कार्य सराहनीय है। यहां सम्मानपूर्ण तरीके से बुजुर्गों की सेवा हो रही है। बुजुर्गों की सेवा से बड़ा पुण्य का काम नहीं हो सकता। सभापति श्री ठाकुर ने कहा कि नगर पालिक निगम से हर प्रकार का सहयोग वृद्धाश्रम को मिलेगा। वार्ड पार्षद रामाधार पटेल, माधव जायसवाल, मयंक पाण्डेय, डा. अनिल आरोरा, कल्पना मिश्रा, संस्था अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

# भाजपा नेता ज्योति नंद दुबे का दीपका मंडल के कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, राज्य खाद आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सरगुजा प्रभारी ज्योति नंद दुबे का जन्मदिन दीपका मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति और मुकेश जयसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बजरंग चौक स्थित उनके निज कार्यालय में दोपहर 12 बजे केक काटा गया।

**खास बात**

- कार्यकर्ताओं ने केक काटकर महामाला से किया स्वागत

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने महामाला से श्री दुबे और उनकी धर्मपत्नी संगीता दुबे का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के अवसर पर कार्यालय परिसर उत्सव में तब्दील हो गया जहां कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष संगीता साहू, सूर्यप्रकाश शर्मा, मनोज दुबे, मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, मुकेश जयसवाल, पार्षद सुजीत सिंह, पार्षद ज्योति तिवारी, आनंद चौकसे, राजेंद्र साहू, धर्मलाल तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, बतारी सरपंच राजू सरोते, ईश्वर अघरिया,राम शंकर उपाध्याय, गौरी कश्यप,उत्तरा कुंभकार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जन्मदिन पर भाजपा नेता श्री दुबे को बधाई देते पार्टी पदाधिकारी।

---

# आईएनबी व्यू मोड की सुविधा से जोड़े जा रहे जिला सहकारी बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक (मर्यादित) बिलासपुर में इंटरनेट बैंकिंग व्यू मोड प्रारंभ हो गया है। बिलासपुर मुख्यालय के अधीन संचालित सभी बैंक शाखाओं को अपने अधीनस्थ समितियां को दो दिनों के भीतर इस सुविधा से जोड़ने कहा गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक (मर्यादित) बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी ने सभी शाखा प्रबंधकों को इंटरनेट बैंकिंग व्यू मोड की सुविधा समितियों को तत्काल प्रदान करने शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया है।

प्रधान कार्यालय बिलासपुर से जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि इस सुविधा के लिए सभी समितियां अपने समस्त खातों का बैलेंस एवं स्टेटमेंट अपने स्वयं के मोबाइल और कंप्यूटर पर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पैक्स कंप्यूटराइजेशन हेतु सभी समितियां को स्टेटमेंट की आवश्यकता होती है। शाखा प्रबंधक समस्त को निर्देश है कि वे सभी आईएनबी व्यू मोड के माध्यम से स्वयं ही अपने कंप्यूटर पर स्टेटमेंट और बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में यह सुविधा पैक्स के लिए प्रारंभ की गई है आगामी समय में यह सुविधा समस्त ग्राहकों के लिए भी प्रारंभ हो जाएगी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, प्रधान कार्यालय बिलासपुर ने आईएनबी व्यू मोड की सुविधा समितियों को तत्काल प्रदाय करने अपने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि बैंक में आईएनबी व्यू मोड की सुविधा प्रारंभ हो गई है। इस सुविधा द्वारा समितियों को अपने करंट खातों, केसीसी खातों, सीसी खातों, ऋण खातों इत्यादि (जो एक ही सीआईएफ से खोले गए हैं) की बैलेंस एवं स्टेटमेंट की जानकारी इंटरनेट के माध्यम से ले सकते हैं।




फाइल फोटो

#### प्रत्येक समिति का केवल एक सीआईएफ

शाखा प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश है कि वे आगामी 2 दिवस में समितियों के समस्त खातों में उस सुविधा को प्रारंभ कर दें, इस सुविधा हेतु समिति से आवेदन लेने की आवश्यकता नहीं है। समितियों के समिति प्रबंधक, ऑपरेटर का मोबाईल नंम्बर दर्ज कर इस सुविधा को प्रारंभ किया जाए। किसी समिति का एक से अधिक सीआईएफ हो तो उनका सीआईएफ यूनिफिकेशन किया जावे प्रत्येक समिति का केवल और केवल एक ही सीआईएफ होना चाहिए।

#### नहीं कर सकते बिलों का भुगतान व लेनदेन

इंटरनेट बैंकिंग व्यू मोड का मतलब है कि आप इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने बैंक खाते को केवल देख सकते हैं, लेकिन उसमें कोई लेनदेन नहीं कर सकते हैं। बैंक के वेबसाइड के अनुसार इस मोड में, आप अपने खाते की शेष राशि, खाता विवरण, और अन्य जानकारी देख सकते हैं, लेकिन आप पैसे भेजना, बिलों का भुगतान करना, या अन्य लेनदेन नहीं कर सकते हैं।

---

# मेहता प्वाईंट झरने की खाई में गिरी पर्यटकों से भरी अनियंत्रित स्कार्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब पर्यटकों से भरी एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

मैनपाट के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने रविवार को कांसाबेल के 9 पर्यटक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 7951 से पहुंचे थे। अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद 4 बजे मेहता प्वाईंट का झरना देखने पहुंचे थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर वाहन ले जाने पर रोक लगाई है लेकिन पर्यटक तेज रफ्तार से झरना की ओर आ रहे थे इस दौरान चालक को पास में गहरी खाई होने का अनुमान नहीं लग सका तथा पर्यटकों से भरी स्कार्पियो मेहता प्वाईंट झरने की 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में वाहन में सवार सभी पर्यटकों को गंभीर चोटें आई हैं वहीं स्कार्पियो पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई है। वाहन गिरने का शोर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने खाई में उतर कर स्कार्पियो सवार 9 लोगों को बाहर निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

इसके 6 दिन पूर्व मेहता प्वाईंट झरने की खाई में एक तेज रफ्तार कार गिर गई थी जिसमें सवार 4 लोगों को गंभीर चोटें आई थी। मेहता प्वाईंट झरने के पास जिस तरह से दुर्घटनाएं हो रही हैं सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।



### भंडारा लगाने के लिए बोल बम समिति रवाना

राजपुर। सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति 21 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य आज राजपुर से रवाना हुए। बाबा धाम देव नगरी के पैदल कावड़ मार्ग पर पूरे सावन भंडारा चलता है और कांवड़ियों की सेवा करते है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल महाकाल नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य यहां से रवाना होकर वहां सेवा करते है।

---

# कटघोरा विधायक ने अमरनाथ यात्रियों के जत्था को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा रविवार को श्री अमरनाथ जम्मू यात्रा के लिए प्रथम जत्था बस स्टैंड हरदीबाजार से रवाना हुआ। श्री अमरनाथ जम्मू जाने वाले श्रद्धालुओं को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पाली दिलीप पटेल, सदस्य वनवासी कल्याण आश्रम श्रवण यादव के द्वारा माला पहनाकर यात्रा की बधाई दी। सावन के प्रथम सप्ताह में श्री अमरनाथ की यात्रा करते हुए बाबा बर्फानी का दर्शन करने के लिए माँ दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, उपाध्यक्ष दुर्गेश डिक्सेना, सुनील जायसवाल, प्रताप कंवर, अंकुश जायसवाल रवाना हुए। इस अवसर पर हरदीबाजार बस स्टैंड में पूर्व विधायक कटघोरा पुरषोत्तम कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, पूर्व मंडल महामंत्री डा. विजय राठौर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर, रमेश अहीर, ब्रह्मानंद राठौर, विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता, नितेश जायसवाल, जयप्रकाश राठौर, धनंजय ध्रुवा, भूपेंद्र यादव, बंटी राठौर, अशोक के अलावा ग्रामवासी उपस्थित रहे।



अमरनाथ यात्रियों को सम्मानित करते विधायक श्री पटेल।

---

# धर्मांतरण पर रोक लगाने पूर्व गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगातार हो रहे धर्म परिवर्तन और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं को लेकर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ननकी राम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। श्री कंवर ने पत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी और ग्रामीण इलाकों, विशेषकर बस्तर, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, कांकेर और सरगुजा जैसे जिलों में धर्मांतरण की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने लिखा कि कुछ विदेशी और बाहरी संगठनों द्वारा गरीब, अशिक्षित व भोले-भाले आदिवासियों को लालच, भय या धोखे के माध्यम से उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह गतिविधियां संविधान की भावना, धार्मिक स्वतंत्रता की मर्यादा और देश की सांस्कृतिक एकता के विरुद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि धर्मांतरण की घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, प्रभावित जिलों में केंद्रीय एजेंसियों की निगरानी बढ़ाई जाए, धर्मांतरण रोकने हेतु एक सख्त राष्ट्रीय कानून बनाया जाए, आदिवासी समाज के शिक्षा, रोजगार और मूलभूत अधिकारों के सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाएं चलाई जाएं। श्री कंवर ने अपने पत्र में लिखा कि यदि इस पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे आदिवासी संस्कृति, पहचान और सामाजिक सौहार्द पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। जनजातीय संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने भी यह मांग की है कि धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर हो रहे शोषण को रोका जाए, और जरूरतमंद आदिवासियों का धर्म के बजाय विकास और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक उन्नयन किया जाए।



ननकीराम कंवर

---

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/135/वा.-2/तह./2025 भैसमा**
**दिनांक 26/06/2025**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम आमाडाड़ रजगामार प०ह०नं० 10 रा०नि०मं० पसरखेत तहसील भैसमा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र./बी-121/ 24-25 आवेदक श्री बीरबल कुमार कोशले पिता जैतराम कोशले जाति सतनामी निवासी आमाडाड़ रजगामार प.ह.नं. 10 तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ.ग.) ने अपने पुत्र अनमोल कोशले पिता बीरबल कुमार कोशले की मृत्यु दिनांक 11/07/2022 को ग्राम आमाडाड़ रजगामार तहसील भैसमा जिला-कोरबा में होने से उसके नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, ग्राम पंचायत का पंचनामा, आधार कार्ड, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा चालान के साथ आवेदन पेश किया है जिस किसी को आपत्ति हो या हित रखते हो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायलय में दिनांक 11/07/2025 को प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25**
**ग्राम-बरपाली, प.ह.नं. 06**
**तहसील-बरपाली जिला-कोरबा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ललित कुमार अग्रवाल पिता नागरमल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बरपाली, तहसील बरपाली जिला कोरबा छ०ग० द्वारा अपने पुत्र आदित्य कुमार अग्रवाल के लिए केंद्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 14/07/2025 तक न्यायालयीन समय में दाया/आपत्ति पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान : बरपाली, दिनांक :-30.06.2025

**तहसीलदार**
**बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### धनुहारपारा में मनाया गया शाला प्रवेशउत्सव

**कोरबा।** विकास खण्ड पाली अंतर्गत प्राथमिक शाला धनुहारपारा (केराकछार), संकुल-माँगामर में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुरुआत माता सरस्वती के पूजा अर्चना से हुआ, कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, फूल मालाओं से स्वागत करते हुए, पाठ्यपुस्तक का विरतण किया, कार्यक्रम में शाला प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती सूरज बाई, व सदस्य दुर्गाप्रसाद, सोनकुंवर, गणपतलाल, शिवकुमार, मोहन, पंचराम, बुधवार सिंह, सुमन, राजकुमारी उपस्थित रहे। शाला के प्रधान पाठक डॉ नरेन्द्र प्रताप राठौर ने पालकों से अपने अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए आग्रह करते हुए, विद्यालय भवन की जर्जर स्थित से अवगत कराया।

### निगम ने हटाया बेजाकब्जा



**कोरबा।** चार दिन से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई बस्तियों में पानी भर जाने की वजह से लोग परेशान हो गए हैं। निचली बस्तियों में घर टूट रहे हैं लोगों को जान माल का खतरा दिखाई दे रहा है। इसका एक बड़ा कारण है अवैध कब्जा। नालियों के ऊपर घर अथवा और कुछ निर्माण कर लेने से पानी की निकासी बंद हो जाती है और फिर जब पानी अधिक बरसता है तो वह क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। ऐसा ही हो रहा है कोरबा नगर निगम क्षेत्र में इस समस्या के मद्दे नजर नगर निगम प्रशासन ने पुलिस की मदद से कोरबा के प्रवेश द्वार सीतामढ़ी से कब्जा हटना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन उनकी एक नहीं चल रही है। कब्जा हटाने का क्रम जारी है।

### नीरज बने लोजपा मजदूर सभा का प्रदेश सचिव



**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मजदूर सभा के प्रदेश संयोजक बी अरूण नायडू ने नीरज चौधरी की सक्रियता को देखते हुए प्रदेश प्रवक्ता के पहल पर सचिव पद पर नियुक्त किया है। श्री चौधरी ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्मभूषण प्राप्त एवं लोजपा के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के सपनों को एवं लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (लेबर सेल), राजेश पासवान एवं प्रदेश संयोजक अरूण नायडू के दिशा निर्देश में पार्टी हित में हमेशा काम करेंगे।

### कोटवारी भूमि प्रकरण में दो लोगों पर कार्रवाई

**कोरबा।** कटघोरा तहसील अंतर्गत ग्राम छुरीकला और डुड़गा में पूर्व कोटवारी भूमि के अनुचित विक्रय और नामांतरण के दो मामलों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय, कटघोरा द्वारा कार्रवाई की जा रही है। दोनों प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन तामील नहीं हो पाने के कारण अब सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई है। पहला मामला तिलकदास पिता मोहन दास (ग्राम छुरीकला) से संबंधित है, जिनकी सुनवाई 10 जुलाई को तय है। दूसरा मामला हेमंत कुमार उर्फ छोटू त्रिपाठी (ग्राम डुड़गा) से जुड़ा है, जिनकी सुनवाई 18 जुलाई को निर्धारित की गई है।दोनों मामलों में कोटवारों द्वारा बिना कलेक्टर की अनुमति के कोटवारी भूमि को बेचकर नामांतरण कराए जाने का आरोप है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ऐसे प्रकरणों में नामांतरण निरस्त कर भूमि को पुनः सेवा भूमि के रूप में दर्ज किया जाना है।

## कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों का झुण्ड कर रहा है विचरण

# बारिश आते ही हाथियों का झुण्ड बस्तियों की ओर करता है रुख, रोकना विभाग के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब हाथी जंगलों से भटककर बस्तियों की ओर रुख करने लगे हैं और इसी मौसम में ही हाथियों और मानव के बीच सबसे ज्यादा द्वंद देखने को भी मिलता है। वन विभाग लगातार हाथियों को रोकने का प्रयास कर रहा है और गांव में मुनादी कर रात को हाथियों को बस्तियों की ओर घुसने के लिए रोक रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा वनमंडल में हाथियों का बसेरा है। सबसे ज्यादा कटघोरा वनमंडल में हाथियों का विचरण क्षेत्र है। मौजूदा स्थिति में केंदई और एतमानगर रेंज में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन दिनों हाथी देर शाम होते ही जंगलों को छोड़कर बस्तियों की ओर रुख करते हैं क्योंकि बस्तियों के बाड़ी में लगे केले के पेड़, मक्का और घरों में रखे धान और महुआ उन्हें अपनी और आकर्षित करता है। यही वजह है कि बारिश के दिनों में अक्सर हाथियों का झुंड जंगल को छोड़कर बस्तियों में ही घुसता है और इसी दौरान हाथी और मानव द्वंद की घटना सबसे ज्यादा होती है। बीते कुछ वर्षों के दौरान यह देखने को पाया गया है कि ज्यादातर घटना इसी दौरान सामने आती है। हालांकि एक दिन पहले सरभोंका के केसरुपारा बस्ती में घुसने की कोशिश कर रहा था लेकिन वन विभाग की टीम पहले से ही अलर्ट मोड में थी और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जैसे ही हाथियों का झुंड बस्ती में घूसने की कोशिश कर रहा था उन्हें वन विभाग की टीम हूटर बजाकर और रोशनी दिखाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया। निश्चित तौर पर विभाग की पहल से हाथी घनी बस्तियों में नहीं घुस पाया अन्यथा बड़ी जनधन की हानि हो सकती है।



रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम।

### बस्तियों से दूर बने घरों में बरतनी होगी सावधानी

अक्सर देखने को मिलता है कि बारिश के दिनों में हाथियों का झुण्ड बस्तियों में घूसने की कोशिश करता है लेकिन बस्तियों से दूर अलग थलग मकान बनाकर रहने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान है। कई बार हाथी आक्रामक हो जाते हैं और इन्हीं अलग-अलग मकान में रहने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं और मकान को तोड़ देते हैं या उनके ऊपर हमला कर उनकी जान भी ले लेते हैं। जिले में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है और बस्ती से अलग-अलग रहने वाले लोगों को ही शिफ्ट करना विभाग के लिए चुनौती होता है। हाथी आने या दस्तक देने की सूचना पर इन्हीं अलग थलग रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित पक्के मकान में पहुंचाना होता है अन्यथा कभी भी कोई गंभीर घटना हो जाती है।

### 40 हाथियों का झुंड तीन रेंज में डाले हैं डेरा

कटघोरा वनमंडल में सबसे ज्यादा 46 हाथियों का झुंड पिछले कई वर्षों से अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं। हाथियों को जंगल ही रास आ रहा है क्योंकि इन्हें बेहतर आवास मिल रहा है। मौजूदा स्थिति में कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। जिसमें 5 हाथी केंदई रेंज में हैं। 27 हाथी एतमानगर जबकि 14 हाथी जटगा रेंज में विचरण कर रहे हैं। लगातार इन हाथियों की निगरानी के लिए वन विभाग की विशेष टीम अलग-अलग भागों में विभक्त होकर इन हाथियों की निगरानी कर रही है। साथ ही ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी इन हाथियों की ट्रैकिंग की जा रही है ताकि कोई जान माल का नुकसान ना हो।

### कक्षा लेने के निर्देश

अमूमन बारिश के दिनों में हाथियों का झुंड जंगल से भटककर बस्तियों की ओर रुख करने का प्रयास करते हैं। इस बीच कोई बड़ी जन धन हानि ना हो इसके लिए सभी स्टाफ को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं और लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में बस्तियों में ही मुनादी कर लोगों को सजग रहने की सलाह दी जा रही है।

**-अभिषेक दुबे,** वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई

## गढ्ढे में डाली मिट्टी, फंसे भारी वाहन, लगा रहा घंटों जाम



सर्वमंगला कुसमुण्डा मार्ग में लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के मौसम में सड़कों के चौक चौहारों में बने गढ्ढों को पाटने के लिए बड़े बजट वाले नगर निगम को गिट्टी भी नसीब नहीं हो रही है। मिट्टी और मुरुम डालकर गढ्ढों को पाटने से छोटे बड़े वाहनों ने उन गढ्ढों में फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसा ही लंबा जाम सर्वमंगला मंदिर चौक में बने गढ्ढे में मुरुम और मिट्टी डालने के कारण भारी वाहनों के फंसने से लग गया।

**खास बात**

- सर्वमंगला चौक के समीप फंसे थे छोटे बड़े वाहन

गढ्ढे में मुरुम और मिट्टी डालने के कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिसमें वाहन फंस रहे हैं। रिस्दी चौक के बड़े गढ्ढों में ऐसे ही मिट्टी और मुरुम डाली गई है जिसमें बालका जाने वाले छोटे बड़े वाहनों के फंसने से जाम लग जाता है। उस समस्या से निजात नहीं मिली थी कि सर्वमंगला मंदिर चौक में बने गढ्डों में मिट्टी और मुरुम डाल दी गई। सुबह भारी वाहनों के आवागमन से कई छोटे बड़े वाहन गढ्ढे में फंसने लगे और देखते ही देखते कुसमुंडा की ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। घंटों बाद नगर निगम की जेसीबी मशीन पहुंची और जब मुरुम और मिट्टी हटाने का काम शुरु किया तब वाहनों के निकलने का काम शुरु हुआ। एक तरफ मिट्टी हटाई जा रही थी वहीं दूसरी तरफ से वाहनों को निकाला ज रहा था। जाम की यह स्थिति लगभग 3 घंटे तक बनी रही। इसी तरह कुचेना मोड़ में भी लंबा जाम लगा रहा। यहां बायपास रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे वाहनों की जाम की स्थिति लगातार निर्मित हो रही है। सर्वमंगला पुल में बारिश की दिनों में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# गुरुद्वारा से लैपटॉप व मोबाइल की चोरी 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर निवासी जसबीर सिंह उम्र 40 वर्ष पिता स्व. मिल्खा सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 जुलाई की सुबह लगभग 5 बजे टीपी नगर स्थित गुरूद्वारा से 1 नग लेपटाप, डेल कंपनी का तथा 1 नग वीवो कम्पनी का मोबाइल फोन को स्टाफ रूम से किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 305 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु की। मामले में सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव द्वारा अपने मातहत स्टाफ के सहयोग से घटना महज 24 घंटे के भीतर चोरी गई मसरूका एक डेल कंपनी का लैपटॉप तथा एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल फोन को आरोपी 15 ब्लाक निवासी माही डहरिया उर्फ राहुल उम्र लगभग 18 वर्ष पिता किशन डहरिया के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

# ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल को आगे बढ़ाएं विभाग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट के सभी शाखाओं के कर्मचारियों को ई-ऑफिस के संचालन और किसी फ़ाइल को एक शाखा से दूसरे शाखा में प्रेषित करने, ऑनलाइन नोटशीट बनाने और फ़ाइल अटैचमेंट करने के संबंध में एनआईसी के अधिकारी हेमंत जायसवाल द्वारा पीपीटी तथा पोर्टल में गतिविधियों का संचालन कर बताया गया।

**खास बात**

- ई-आफिस में जाकर कलेक्टर ने डिजिटल हस्ताक्षर कर फाइल में दी स्वीकृति

इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने अपने कार्यालय से डिजिटल हस्ताक्षर कर फ़ाइल की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभाग और शाखा ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी ऑफिस में फ़ाइल का मूवमेंट समय सीमा में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित हो। भविष्य में किसी भी कार्यालय के कामकाज को व्यवस्थित ढंग से करने में भी ई ऑफिस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने शाखा प्रभारी और प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों से कहा कि ई-ऑफिस के हर अनुदेश को अच्छे से समझते हुए इसका सावधानी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक दौर में समझने में भले ही कुछ कठिन लग सकता है लेकिन इसमें कार्य करना आसान है। इसे सीखने के पश्चात कार्य करने में आसानी होगी और शाखाओं से निकलने वाली फाइल, शाखाओं को प्राप्त होने वाली फ़ाइल का ऑनलाइन रिकॉर्ड रहेगा। किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी और कांटछांट नहीं हो सकने से हर फ़ाइल में क्लियरिटी और पारदर्शिता होगी। कलेक्टर ने सभी शाखाओं को अच्छे से प्रशिक्षण देने और उन्हें होने वाली कठिनाई को दूर करने के निर्देश भी दिए।



ई-ऑफिस में डिजीटल सिग्नेचर करते कलेक्टर।

# चलती मालगाड़ी के सामने कूदा अधेड़, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शख्स ने चलती मालगाड़ी के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना उनके घर के पास रेलवे ट्रेक पर हुई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के दुरपा रोड की है। जानकारी के अनुसार, दुरपा निवासी 52 वर्षीय महादेवा दास जीटीपी कंपनी में कार्यरत था। पिछले कुछ दिनों से अधिक शराब का सेवन कर रहा था। घटना के समय भी वे नशे की हालत में था। मालगाड़ी का चालक उन्हें ट्रैक पर देख हॉर्न बजा रहा था। लेकिन महादेवा ने अचानक मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सागर दास ने बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब चल रही थी। इस कारण उन्हें काम से छुट्टी मिली थी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस और रेलवे आरपीएफ को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के परिजनों का बयान लिया है।

# ग्राम सलोरा में होगी पंडित मिश्रा की शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पवित्र श्रावण मास में पंडित प्रदीप मिश्रा की श्रीशिव महापुराण कथा का विशाल आयोजन करने की तैयारी में महाकाल भक्त मंडल जोर-शोर से जुटा हुआ है। बारिश का मौसम होने और तेज बारिश की भावी संभावनाओं के मध्य कथा आयोजन स्थल को लेकर दिक्कतें पेश आई हैं।

पहले कथा का आयोजन ग्राम कनबेरी के विशालकाय मैदान में करने की योजना थी, लेकिन जिला प्रशासन ने इसे उपयुक्त नहीं माना। इसके बाद प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम को तय किया गया, लेकिन भक्तों की संभावित संख्या के मद्देनजर यह स्थल काफी छोटा प्रतीत हो रहा है। अब महाकाल भक्त मंडल ने नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र अंतर्गत सलोरा में पूर्व वंदना पावर प्लांट की रिक्त पड़ी भूमि को चयनित किया है। महाकाल भक्त मंडल से जुड़े दुर्गेश शर्मा व शैलेष शुक्ला ने बताया कि पूर्व वंदना पावर प्लांट की जमीन पर तैयारी को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।



प्रदीप मिश्रा

### पूर्व मंत्री आज बालकोनगर क्षेत्र का करेंगे दौरा

**कोरबा।** प्रदेश के पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल 8 जुलाई की दोपहर 3 बजे बालकोनगर क्षेत्र का दौरा करेंगे। सर्वप्रथम श्री अग्रवाल बालको कूलिंग टॉवर के निकट बसे हुए शांतिनगर क्षेत्र में जाकर वहां की समस्याओं से रूबरू होंगे। शांतिनगर क्षेत्र के बाद वे बालकोनगर के विभिन्न वार्डों में घूमकर वहां के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष, नत्थू लाल यादव एवं बालकोनगर ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने बालकोनगर क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ कांग्रेसियों, पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि वे निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित हों।



*****कोरबा।** कोहड़िया जल उपचार केंद्र में 33 केवी बिजली लाइन के केबल के पैनल में आई फ़ाल्ट को सुधार कर लिया गया है। जिससे 29 एमएलडी जल उपचार संयंत्र चालू हो गया है। कोरबा पश्चिम क्षेत्र के बांकीमोगरा, कुसमुंडा, गेवरा बस्ती, सर्वमंगला ,सुरकछार, दर्रा के वार्डों में जैसे पहले चलता था वैसे ही पानी सप्लाई किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन

# देवशयनी एकादशी पर मां सर्वमंगला घाट में की गई हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्दू धर्म की आस्था नगरी वाराणसी के मां गंगा आरती की तर्ज पर कोरबा में भी मां सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर संजु देवी राजपूत सहित विभिन्न समाजसेवी संस्था के पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर रविवार की शाम 5 बजे मां सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की गयी। इस दौरान समिति द्वारा आयोजन सम्बन्धी व्यवस्था की गयी थी। आरती के दौरान मां सर्वमंगला घाट पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा जो इस दृश्य के साक्षी बने।

उल्लेखनीय है कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। नदियाँ सनातन काल से हिंदुओं की आस्था व श्रद्धा का केंद्र और विकास यात्रा की आधार रही हैं। वर्तमान में नदियों में प्रदूषण सहित अन्य समस्याएं, मनुष्य के सनातन जीवन पद्धति का पालन नहीं करने से उतपन्न हुई हैं। इस दिशा में निष्ठा से कार्य करने पर निश्चित ही नदियाँ प्रदूषण मुक्त होंगी। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित की जायेगी। इसी क्रम में देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर भी हसदेव आरती की गयी। उक्त हसदेव आरती में महापौर संजु देवी राजपूत मुख्य यजमान के रूप में सहभागी बनी। इसके अलावा विशिष्ट यजमान राष्ट्रसेविका समिति की जिला कार्यवाहिका गीता सिंह, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा मनीषा गोयल, सतनामी कल्याण समिति की जिलाध्यक्ष डॉ. बरखा रानी कुर्रे, अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्रीय समिति की महिला संयोजिका लक्ष्मी नायक सहित बड़ी संख्या में आम गणमान्य नागरिक, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती करते समिति के सदस्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com




केरल दर्शन

मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम

19 जुलाई, 16 अगस्त, 13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर

राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411